**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Issue regarding waiving of farmers loan in Madhya Pradesh.

**श्री गणेश सिंह (सतना):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ कि आपने एक बहुत महत्वपूर्ण विषय को उठाने की अनुमति दी । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि मध्य प्रदेश सरकार ने जो 10 दिनों में किसानों की कर्ज माफ करने का वायदा किया था, वह मात्र घोषणा रह गया । अभी वहाँ प्रदेश का जो बजट पारित हुआ है, उसमें मात्र 8 हजार करोड़ रुपये कृषि विभाग को दिए गए, जबकि पूरे प्रदेश के किसानों का कर्जा दो लाख रुपये तक माफ करने की बात कही गई थी और उसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये की जरूरत थी । यह किसानों के साथ एक बड़ा धोखा साबित हुआ । बेरोजगार युवओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गई थी, उससे भी प्रदेश सरकार पूरी तरह से मुकर गई । यह भी करोड़ों युवाओं के साथ धोखा किया गया । गरीबों तथा किसानों के कल्याण के लिए पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने जो योजनाएँ चला रखी थीं, उन्हें एक-एक करके सब को बंद कर दिया गया । प्रदेश सरकार पहले दिन से ही मात्र स्थानांतरण उद्योग चला रही है । सुबह ट्रांसफर होता है, शाम को निरस्त हो जाता है । यह खेल जिले से लेकर राजधानी तक चल रहा है । कर्मचारियों का स्थानांतरण तो हो ही रहा है, इन दिनों पूरे देश की मीडिया में एक चर्चा का विषय है कि 46 कुत्तों का स्थानांतरण किया गया है । मध्य प्रदेश सरकार ने कुत्तों का ट्रांसफर किया है और यह पूरे देश की मीडिया में छाया हुआ है । मध्य प्रदेश की सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :**

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।